SKPF - Wincompete Test Series 2026

A State Level Test Series to evaluate yourself...

श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन एवं Wincompete के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने और नवीन पाठ्यक्रम और पैटर्न आधारित स्तरीय टेस्ट प्रेक्टिस करवाने के उद्देश्य से एक टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। जिसका सामान्य विवरण इस प्रकार है:

1. इस टेस्ट सीरीज में सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम को शामिल करते हुए कुल 28 टेस्ट्स की एक सीरीज आयोजित की जा रही हैं, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को नवीन पैटर्न के अनुसार स्तरीय और मानक प्रश्नों के टेस्ट के माध्यम से उच्च स्तरीय एवं उपयोगी तैयारी करवाने में सहायक होगी।
2. इसमें सभी प्रकार की परीक्षाओं का मुख्य पाठ्यक्रम शामिल कर **28 मॉड्यूल की पाठ्यसामग्री** तैयार की गई है, जिसे सॉफ्ट कॉपी पीडीएफ में संबंधित टेस्ट से पंद्रह दिन पूर्व अभ्यर्थियों को उपलब्ध करवाई जाएगी।
3. अभ्यर्थी दिए गए पाठ्यक्रम की **15 दिन के अंतराल** में तैयारी कर उसकी परीक्षा देंगे, इस प्रकार छोटे छोटे पाठ्यक्रमों की तैयारी के साथ अभ्यर्थी **14 महीने** में पूरे पाठ्यक्रम को तैयार कर पाएगा।
4. इसके अंतर्गत **एक महीने में 2 टेस्ट** आयोजित किए जाएंगे। टेस्ट होने के बाद उस टेस्ट की उत्तर कुंजी और विस्तृत उत्तर व्याख्या को भी पीडीएफ सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध करवाया जाएगा।
5. प्रत्येक परीक्षा **हर महीने के दूसरे और चौथे रविवार को प्रातः 11 बजे से 02 बजे** के मध्य सभी परीक्षा केंद्रों पर एक साथ आयोजित की जाएगी, किसी कारणवश परीक्षा के दिन अथवा समय में परिवर्तन होने पर परीक्षार्थी को पूर्व में सूचित किया जाएगा।

- **टेस्ट सीरीज का पाठ्यक्रम:**

टेस्ट सीरीज के लिए तय किए गए पाठ्यक्रम को कुल 09 खण्डों एवं 28 परीक्षाओं में बांटा गया हैं, जो कि निम्नानुसार है:-

1. खण्ड 1: राजस्थान का इतिहास, कला और संस्कृति (Tests 1-4)
2. खण्ड 2: भारत का इतिहास (Tests 5-8)
3. खण्ड 3: भूगोल (विश्व, भारत और राजस्थान) (Tests 9-13)
4. खण्ड 4: भारतीय संविधान और राजव्यवस्था (Tests 14-16)
5. खण्ड 5: अर्थशास्त्र (Tests 17-19)
6. खण्ड 6: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (Tests 20-21)
7. खण्ड 7: तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता (Tests 22-23)
8. खण्ड 8: समसामयिकी (Test 24)
9. खण्ड 9: नवीन पाठ्यक्रम (2026) पर आधारित अतिरिक्त टेस्ट (Test 25-28)

प्रत्येक खण्ड के पाठ्यक्रम को पुनः प्रति टेस्ट के पाठ्यक्रम में भी बांटा गया है, जिसे उस परीक्षा से पूर्व भेज दिया जाएगा।

न्यूनतम योग्यता:

1. किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी जिसने न्यूनतम **12वीं कक्षा** उत्तीर्ण की हो।

आवेदन प्रक्रिया:

1. आवेदन प्रक्रिया **दिनांक 25 जनवरी 2026** से प्रारंभ होगी।
2. टेस्ट सीरीज में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी अपने नजदीकी परीक्षा केंद्र पर आवेदन कर सकेंगे।
3. परीक्षा केंद्रों के नाम की सूची हमारे सोशल मीडिया एकाउंट्स पर प्रसारित की जाएगी।
4. परीक्षा केंद्रों की सूची में से अभ्यर्थी अपने नजदीकी परीक्षा केंद्र पर संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त करेगा एवं अपने नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो सहित भरकर उसे पुनः परीक्षा शुल्क सहित जमा करवाएगा।
5. साथ ही जिलेवार हमारे सहयोगियों के नाम एवं संपर्क सूत्र भी सोशल मीडिया पर उपलब्ध करवाए जाएंगे जिनपर परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए बात कर पाएंगे।
6. परीक्षा केंद्र प्रभारी स्वयं भी अपने स्तर पर स्थानीय क्षेत्र में इस टेस्ट सीरीज में विद्यार्थियों को आवेदन के लिए प्रेरित करेंगे।

शुल्क:

1. इस टेस्ट सीरीज के लिए SKPF और Wincompete द्वारा कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। केवल स्थानीय परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र और उत्तर पत्रक को प्रिंट/ फोटो स्टेट करवा कर उपलब्ध करवाने सहित अन्य व्यवस्था संबंधी खर्च के लिए परीक्षा केंद्र पर ही पंजीकरण के समय आवेदक द्वारा प्रति परीक्षा 50/- रुपए के हिसाब से 28 परीक्षाओं के **1400/- रुपए एक मुश्त** परीक्षा केंद्र प्रभारी को जमा करवाने होंगे।

प्रश्न पत्र से संबंधी विवरण:

1. प्रत्येक प्रश्न पत्र में 100 वस्तुनिष्ट प्रश्न होंगे।
2. प्रत्येक सही उत्तर पर 3 अंक प्रदान किए जाएंगे। गलत उत्तर देने या प्रश्न का उत्तर खाली छोड़ने पर प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक काटा जाएगा।
3. प्रश्न पत्र कुल 300 अंको का होगा।
4. परीक्षा की समयावधि 03 घंटे रहेगी।
5. प्रश्न पत्र की भाषा का माध्यम हिन्दी रहेगा।

अपने क्षेत्र में भी परीक्षा केंद्र स्थापित करने के लिए **SKPF के व्हाट्सअप नंबर (9828406070)** पर संपर्क करें।

दिनांक: 21 जनवरी 2026

श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउण्डेशन